वर्ष : 03 अंक : 96 लखनऊ, रविवार 19 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4, मूल्य : 1.00 रुपए

हिन्दी दैनिक

जनता कनेक्शन

सुविचार

सपने तो हर रोज, हर लोग हजारों देखते है पर तुम में उन्हें पूरा करने की जिद होनी चाहिए ।

तापमान डिग्री सेल्सियस

अधिकतम	42.0
न्यूनतम	28.0
सूर्योदय	05.18
सूर्यास्त	06.49

कांग्रेस में चार सीट पर लड़ने की नहीं रही ताकत

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदावारों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका हो दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। आजादी के बाद देश के जवान नेशनल वार मेमोरियल की मांग करते रहे। देश का दुर्भाग्य देखिए, जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाने का महत्व समझ नहीं आया। देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। दुनिया में कोई भी जगह हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, इन्वेस्टमेंट लेकर आता है। एक तरफ अनधिकृत कॉलोनियां को रेगुलर करने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ झुग्गियों की जगह पक्के घर बनाने का अभियान भी जारी है।

पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा।

यह चुनाव मजबूत भारत बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपके आशीर्वाद से हमारे सभी प्रत्याशी विजयी हों। आपका प्यार मेरे सिर आंखों पर है।

24*7 मोदी की गारंटी है। दिल्ली में हमारे उम्मीदवारों की विजय हो, इसके लिए वोट करिए। इस दौरान पीएम मोदी को भीड़ शांत करानी पड़ी। लोग ज्यादा उत्साह में दिखे। खंबे पर चढ़े लोगों को उतरने की अपील की गई।प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का ये चुनाव भारत को टॉप तीन अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है। 2024 का ये चुनाव भारत की अर्थव्यवस्था उन ताकतों से बचाने के लिए है जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहते हैं। 2024 का ये चुनाव भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी मनोज तिवारी ने मंच पर पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम के मंच पर पहुंचने के बाद वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर पीएम मोदी का स्वागत भी किया। पहली बार पीएम मोदी इस क्षेत्र में पहुंचे हैं। मंच से भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि बात वहां भी यही होती है कि आएंगे तो मोदी ही। बड़े शर्म की बात है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के भीतर एक महिला को मारा पीटा जाता है। केजरीवाल इस विषय में एक शब्द नहीं बोलते है।

छह माह में पीओके होगा हमारा

मालेगांव, पालघर, मुम्बई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराष्ट्र में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने धुले, पालघर और मुम्बई उत्तर मध्य लोकसभा सीट के लिए बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल जनसमूह को संबोधित किया। सीएम योगी ने इस दौरान बड़ा दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान की हालत खराब है, उसे पाक अधिकृत कश्मीर को बचाना मुश्किल हो रहा है। पीओके की जनता भारत के साथ जुड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के 6 माह में पाक अधिकृत कश्मीर भारत में आ जाएगा। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि हमारे लिये देश सर्वोपरि है। हम राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देंगे। हम पहले विकसित भारत के निर्माण में आगे बढ़ेंगे। वहीं अयोध्या में राममंदिर बनने का विरोध करने पर कांग्रेस को सीएम ने सलाह भी दी है कि वह इटली में श्रीराम और हनुमान जी का मंदिर बनवा दे।

मालेगांव में धुले लोकसभा सीट के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास देश के विकास को लेकर न तो कोई विजन है और न ही मिशन। यह लोग केवल किसी भी तरह सत्ता हासिल करना चाहते हैं। यह केवल देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। हमारे लिये देश सर्वोपरि है। हम राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देंगे। हमारी सरकार देश के विकास और विकसित भारत की संकल्पना में अगर कभी बाधित बनेगी तो हम सत्ता को ठुकरा देंगे। हम पहले विकसित भारत के निर्माण में आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग किसी भी कीमत पर सत्ता चाहते हैं, जिसे हमें स्वीकार नहीं करना चाहिये। उनके पास सिर्फ आप लोगों को गुमराह करने और झूठ का अस्त्र बचा है, लेकिन हमें गुमराह नहीं होना है। हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपने के साथ ही एनडीए को भारी मतों से जिताकर इतिहास बनाना है।

मुख्यमंत्री आवास का सीसीटीवी फुटेज ग़ायब, वीडियो डिलीट : मालीवाल

नयी दिल्ली , आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि सच को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट के वीडियो को डिलीट कर दिया गया और सीसीटीवी फुटेज को ग़ायब कर दिया गया। सुश्री मालीवाल ने आज देर रात एक्स पर कहा, 卐पहले मुझे बेरहमी से बिभव ने पीटा। थप्पड़ और लातें मारीं। जब मैंने खुद को छुड़ा के 112 कॉल की, तो बाहर जाकर सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर वीडियो बनाने लगा। मैं सिक्योरिटी को चीख -चीख के बता रही थी कि मुझे बहुत बेरहमी से बिभव ने पीटा है। वो पूरा लंबा हिस्सा वीडियो का एडिट कर दिया गया। उन्होंने कहा, 卐सिर्फ़ 50 सेकंड के वीडियो रिलीज़ किए गये, जब मैं सुरक्षा कर्मी को समझा समझा के खीज चुकी थी। अब फ़ोन फॉर्मेट करके पूरी वीडियो डिलीट कर दी, सीसीटीवी फुटेज भी ग़ायब! साज़िश की भी हद्द है!卐

तपते मौसम के बावजूद जबर्दस्त प्रचार

लखनऊ । चुनौती देता पारा और हौसलों को डिगाने वाली हीट वेव के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ऊर्जा और अथक मेहनत उत्तर प्रदेश में जारी लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए वरदान साबित हो रही है। भीषण गर्मी के बावजूद तूफानी अंदाज में प्रदेश के अंदर और अन्य प्रदेशों में चुनाव प्रचार के अभियान में जुटे सीएम योगी के इन्हीं प्रयासों के कारण भाजपा को पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश में अपना पिछला प्रदर्शन फिर से दोहराने की उम्मीद है। पिछले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने इन 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर कब्जा जमाया था, जबकि रायबरेली की एक सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। इस बार सीएम योगी ने इन सभी 14 सीटों पर धुआंधार प्रचार किया है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि अमेठी और रायबरेली जैसी हाई प्रोफाइल सीटों समेत सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। उल्लेखनीय है कि पांचवे चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। इनमें मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा लोकसभा सीटें शामिल हैं। इन सभी लोकसभा सीटों पर सीएम योगी लगातार चुनाव प्रचार कर भाजपा के समर्थन में माहौल बना चुके हैं।

लखनऊ लोकसभा सीट से एक बार फिर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। इस सीट पर 1991 से ही भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। 1991 से 2009 तक यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी सांसद रहे, जबकि 2009 से 2014 के बीच लाल जी टंडन विजयी हुए। 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में राजनाथ सिंह ने इस सीट पर बड़ी जीत दर्ज की थी। राजनाथ सिंह के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। मंत्री रह चुके मेहरोत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं।

भाजपा इस चुनाव में होगी सत्ता से बाहर : अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ आने पर हम एक एक ग्यारह हो गए हैं और भारतीय जनता पार्टी नौ दो ग्यारह हो जायेगी। सुलतानपुर निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल के समर्थन में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहाकि इस बार अमेठी, रायबरेली ही नही बल्कि उत्तर प्रदेश की जनता इनको 79 सीटें हराने जा रही है । यह पार्टियों का गठबंधन हैं, व्यक्तियों का नही, इसलिए पार्टी के गठबंधन के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रायबरेली के पूर्व विधायक मनोज पांडेय का नाम लिए बगैर बोले भारतीय जनता पार्टी धोखेबाज लोगो के सहारे चुनाव जीतने का गलत सपना देख रही है जो दूसरों का गड्ढा खोदते हैं वह पहले गिरते हैं। उन्होंने कहा राजनीति के रिश्ते बहुत गहरे होते हैं। जनता ये देखती है की रिश्ते के साथ साथ आपने दिया क्या क्या है, आपकी योजनाओं के लिए क्या किया है सुलतानपुर की जनता को भाजपा की

सरकार ने बेरोजगार बना दिया है, किसानों की फसल से लूट कर ली, जानवरों से खेत नही बचा पा रहे। बिजली मंहगी कर दी, डीजल पेट्रोल महंगे कर दिए । इसका जवाब बीजेपी के पास क्या है। सपा प्रत्याशी राम भुआल जीतते हैं तो चीनी मिल सही करवाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारी साइकिल महंगी कर दी। नौजवानों की नौकरी छीनने वाले सत्ताधारियों ने महंगी कर दी नैनो, यूरिया। सरकार के लोग एपर लीक करा रहे हैं, जिससे नौजवानों को ओकरी न देनी पड़े। नौजवान कह रहे कि बेरोजगार होने से शादी का संकट शुरू हो रहा है । राशन योजना में कम हो गई मात्रा, घटिया हो गई गुणवत्ता। भाजपा सरकार अग्निवीर के बाद पुलिस की नौकरी भी तीन साल करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि गरीबों को पौष्टिक आटे के साथ हम मोबाइल के लिए देंगे डाटा, ताकि मोबाइल पर युवा अपडेट हों। सरकार बनने पर हम गरीबों का क़र्ज़ माफ करेंगे ।

रामनाथ कोविंद ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्य। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के लोग रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचा रहे हैं। इस क्रम पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार संग भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर भाव विभोर हो गए। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। वे कुबेर टीला भी गये, पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक निहारा और नतमस्तक हुए। वहीं अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी पहुंच गए थे। जैन मंदिर में अल्प विश्राम के बाद वे सरयू आरती में सम्मिलित हुए। आज प्रात: वे श्रीराम लला के दर्शन को पहुंचे। उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में मौजूद थे।

वोटिंग मशीन मे गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा सत्ता से होगी बाहर :मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के छूठे वादों को जनता जान गयी है अगर इस लोकसभा चुनाव मे वोटिंग मशीन मे गड़बड़ी नही हुई तो भाजपा सत्ता से बाहर हो जायेगी। राजकीय इटंर कालेज बस्ती परिसर में मण्डलस्तरीय चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि प्रदेश या केन्द्र मे सबसे ज्यादा समय तक अगर सत्ता किसी के पास रही है तो वो काग्रेंस पार्टी है लेकिन इनकी गलत नीतियों के कारण जनता ने इन्हें नकारा दिया और ये सत्ता से बार हो गयी है। बहुजन समाज पार्टी(बसपा) अपने बल बूते पर चुनाव लड़ रही है। काग्रेंस,समाजवादी पार्टी (सपा)तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कई पर्टियों का गठबन्धन करकेचुनाव लड़ा जा रहा है। बसपा ने बिना जाति भेदभाव के प्रत्याशियों को मैदान मे उतारा है। इस बार चुनाव फ्री एंड फेयर हुए और वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता से बाहर हो जायेगी। आसानी से सरकार इनकी बनने वाली नही है। उन्होने कहा कि जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रादायिक और द्वेषपूर्ण नीतियों, कथनी-करनी में अंतर होने की वजह से जनता ने इस बारके चुनाव मे भाजपा को नकरा दिया है इनकी नाटकबाजी और जुमलेबाजी को देश कीजनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन जैसे हवा-हवाई

वादे सहित इनके एक चौथाई वादों को जमीनी हकीकत नसीब नहीं हुई। धन्नासेठों के आर्थिक सहयोग से ही भाजपा व अन्य पार्टियां अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ाती हैं। जिसका खुलासा बांड प्रकरण में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के नोटिस देने के बाद इलेक्ट्रोरल बांड का खुलासा हुआ। उसमें कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अन्य विरोधी पार्टियां हैं। उन्होने कहा कि चुनाव के बाद पार्टियां घोषणा पत्रों को अमल में नहीं लाती हैं इसीलिए हमारी पार्टी घोषणापत्र नहीं लाती है। बसपा ने चार बार की सरकार में बिना घोषणापत्र के विकास कार्य करके दिखाए हैं और कानूनव्यवस्था पूरी तरह से चुस्त-दुरूस्त थी। भाजपा इस समय चहेते पूंजीपतियों व धन्नासेठों को मालामाल करने व हर स्तर पर बचाने के लिए कार्य कर रही है। उस रिपोर्ट में ये कहीं वर्णित नहीं है कि बहुजन समाज पार्टी ने किसी भी पूंजीपति से एक भी रुपया लिया हो। सुश्री मायावती ने कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि हमारी पार्टी पूरे देश में संगठन चलाने और चुनाव लड़ने के लिए धन्नासेठों से रुपया नहीं लेती है बल्कि पार्टी की सदस्यता शुल्क थोड़ा-थोड़ा धन एकत्र करके और चुनाव के मौके पर धन एकत्र करके संगठन चलाती है। हमारी सरकार ने किसानों के हितों का भी हमने हर स्तर पर ध्यान रखा है,भाजपा सरकार ने जांच ऐजंसियों का दुर्पयोग किया है जो सही नही है।

पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों तथा ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर मतदान सोमवार को होगा।

इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से दूसरे चरण के लिए 35 सीटों पर भी इसी दिन मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 265 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हुआ था। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के लिये 49 सीटों के लिये कुल 1586 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 उम्मीदवार रह गये और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 695 रह गये। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी , भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी, राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं।

कुल सात चरणों के इस चुनाव में पांचवें चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे। चुनाव आयोग ने पांचवें चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली हैं और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अभी तक मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें

यूपी में प्रचार समाप्त, 20 को मतदान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले मतदान में पांच चार केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, साध्वी निरंजन ज्याति, भानु प्रताप वर्मा और कौशल किशोर चुनाव मैदान में हैं। इसके साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अयोध्या विधानसभा सीट से पांच बार विधायक और दो बार सांसद रहे लल्लू सिंह, नौंवी बार विधायक बने सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद, योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके छोटे बेटे करण भूषण को टिकट दे दिया गया लेकिन प्रतिष्ठा बृज भूषण की ही दांव पर लगी है। पूर्व मंत्री बेनीप्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा भी चुनाव मैदान में हैं।

आबकारी टीम का ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में पुलिस आयुक्त, लखनऊ व जिलाधिकारी, लखनऊ के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज 18 मई को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 (मलिहाबाद) लखनऊ, सुबाष चन्द्र द्वारा मयस्टॉफ थाना काकोरी अंतर्गत ग्राम खालिसपुर तथा लुधौसी में बेहता नाला के किनारे , खेतों एवं आम के बगीचों में संदिग्ध स्थानों पर दबिश और सघन तलाशी अभियान चलाया गया। दौरान दबिश मौक़े से लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब और 150 किलोग्राम लहन बरामद हुआ।

बरामद लहन को मौक़े पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा।

हमें एक साथ जेल में डाल दें मोदी : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं,

आप सबको जेल में डाल दीजिए। केजरीवाल ने ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली और देश की जनता देख रही है कि किस तरह से ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद सौरभ भारद्वाज और सुश्री आतिशी को भी जेल में डालेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं यह सोच रहा था कि हम सब लोगों को ये जेल में क्यों

डालना चाहते हैं। हमारा कसूर क्या है? हमारा कसूर यह है कि हमने दिल्ली के अदर गरीब बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, सरकारी स्कूल शानदार बनाए। ये लोग शानदार सरकारी स्कूल नहीं बना सकते। इसलिए ये लोग दिल्ली में सरकारी स्कूल बनने रोकना चाहते हैं। हमारा कसूर यह है कि हमने दिल्ली के अंदर सरकारी अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए, लोगों के लिए फ्री दवाई और अच्छे इलाज का इंतजाम किया। ये लोग नहीं कर पा रहे है। इसलिए ये दिल्ली के अस्पतालाओं और मोहल्ला क्लीनिकों को रोकना चाहते हैं। श्री केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आप ये जेल-जेल का खेल खेल रहे हैं। आप कभी मनीष सिसोदिया, कभी अरविंद केजरीवाल, कभी संजय सिंह को जेल में डालते हैं, कल अपने सभी विधायकों, सांसदों समेत बड़े नेताओं के साथ भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हैं, आप जेल में डाल दें।

समाचार पत्र वितरकों ने ली मतदान करने की शपथ

लखनऊ। चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वावधान में शनिवार को चौक डिपो पर मतदाता जागरूकता संकल्प शपथ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आचार्य राजेश शुक्ल ने सभी समाचार पत्र वितरकों को शपथ संकल्प पढ़वाया। कार्यक्रम में मौजूद अंकुर दीक्षित ने सभी समाचार पत्र वितरकों से अपील की, कि 20 तारीख को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

इसके अलावा अपने क्षेत्र के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, गोपालनाथ शर्मा, संजय अवस्थी, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रमेश रावत, दिनेश चंद्र कश्यप, श्याम सिंह, चंदन लोधी, सिराज अहमद कमलेश, पंकज बाजपेई, सौरभ, विनीत मिश्रा, राजेश, शिवमोहन राठौर, बी.के. शुक्लआदि उपस्थित रहे।

रणनीति के तहत लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी तथा रायबरेली को अपने परिवार का घर बताते हुए कहा है कि उन्होंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा है और यदि वह दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को होता। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि रायबरेली और अमेठी को गांधी परिवार कभी छोड़ ही नहीं सकता इसलिए उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में वह दिन-रात उनकी जीत के लिए मेहनत कर रही है। उनका यह भी कहना था कि भाजपा ने श्री राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए वह रायबरेली में डटी हुई हैं।श्रीमती वाड्रा ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकतीं। मै कांग्रेस के लिए प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं इसलिए चुनाव नहीं लड़ी हूं। दूसरी बात अगर हम दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता। भाजपा पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी की छवि खराब करने के लिए भाजपा ने बहुत संगठित तरीके से काम किया और इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए। राहुल गांधी जी के बारे में भाजपा ने ढेरों गलत बातें फैलाई। उन्हें घर और संसद से निकाला गया, न जाने कितने सारे मुकदमे लगाए गए। उन्होंने कहा आज पूरा देश जानता है कि चाहे कुछ भी हो जाए- राहुल गांधी ऐसा आदमी है जो सच बोलेगा, किसी से नहीं डरेगा। भाजपा चाहती है कि हमारे परिवार को अपशब्द बोले जाएं लेकिन हम चुप रहें।

हम चुप क्यों रहें। मेरी दादी ने देश के लिए 32 गोलियां खाई हैं। मैंने 19 साल की उम्र में अपने पिता की शहादत देखी है। मेरे परिवार ने देश के लिए कुर्बानी दी है।



सम्पादकीय

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रख्यात व सार्वजनिक हस्तियों को जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के अनुसार, विज्ञापनदाताओं से स्वघोषणापत्र हासिल किया जाए। इस कानून का नियम 7 विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। ये विज्ञापन निषिद्ध किए जा चुके हैं।

पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को भी इन भ्रामक विज्ञापनों व केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा। प्रचार व विज्ञापन उपभोक्ता को प्रभावित करने में महती भूमिका निभाते हैं। उस पर जब यह किसी प्रख्यात या सार्वजनिक शख्सियत द्वारा किया जा रहा हो तो आम जनता को खास तौर पर प्रभावित करता है। इस मामले में तो कोविड टीकाकरण व आधुनिक चिकित्सा पण्राली को सीधा निशाना बनाया गया था जिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई चल रही है। इसमें संदेह नहीं कि लाभ के लोभ में कंपनियां भ्रामक प्रचार द्वारा सालों-साल जनता को बरगलाती रहती हैं। संबंधित मंत्रालय व विभाग इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से मुंह फेर लेते हैं। निराधार दावों, अतिरंजित बातों, छद्म दावों व अनुचित सूचना वाले तथा असुरक्षित उत्पादों से उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे तमाम विज्ञापन अभी भी बेधडक़ प्रकाशित/प्रचारित हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, युवाओं को दिग्भ्रमित व बुजुगरे को भ्रमित कर रहे हैं।

नियमों की अवहेलना करते हुए नामदार शख्सियत धन के लोभ में इनका बेतहाशा प्रचार करती हैं जिनके आधार पर कहना ज्यादती नहीं होगा कि वे उपभोक्ताओं के अधिकारों को तरजीह देने को राजी नहीं। ऐसा सिर्फ इसीलिए हो रहा है क्योंकि समूची व्यवस्था अपनी जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरतती है। बात अकेले पतंजलि की नहीं है। इसे उदाहरण मान कर संबंधित मंत्रालयों व विभागों को सतर्क हो जाना चाहिए। न कि एक-एक विज्ञापन को लेकर अदालतों का दरवाजा खटखटाने वालों के इंतजार में बैठे रहना चाहिए।

देश को दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो

अखिलेश आर्येन्दु

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो।

एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है।

रेवडिय़ों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना हरदिया वरदिया रिलीज

मुंबई गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना %हरदिया वरदिया% रिलीज हो गया है।

गाना %हरदिया वरदिया% वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इसके वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव पलंग पर अपने पति की याद में खोयी हुई है कि तभी उसका पति पुलिस ऑफिसर की वर्दी लिये कमरे में एंट्री करता है, जिसे देखकर माही का दिल बैठ जाता है और वह मायूस होकर अपने हसबैंड से कहती है कि... काहे खातिर कईला हमसे शदिया दरदिया दिल के बढ़ाये लगला हो, हे राजा हो छूटल नईखे हथवा के हरदिया वरदिया कसिके जाये लगला हो...%

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना %हरदिया वरदिया% के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है। इस गाने को कृष्णा बेदर्दी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर साहिल राज, डीओपी राजन वर्मा, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

लोकसभा चुनाव में पुलिस बल पूरे मनोयोग से दायित्वों को निभाये: डीएम

कानून व शांति व्यवस्था में दखल देने वालो से सख्ती से कार्यवाही करे: एसपी

हमीरपुर ब्यूरो। जनपद हमीरपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा दीक्षा शर्मा द्वारा केंद्रीय बल/ पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई।

जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 प्रक्रिया को निष्पक्ष, निर्विवाद, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज राजकीय जिला स्टेडियम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारी (केंद्रीय बल, पुलिस बल व होमगार्ड्स) को चुनाव ड्यूटी हेतु ब्रीफ किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कहा कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए । मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के सम्बंध में सम्बंधित उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगा समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से सम्मान जनक व्यवहार करें। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन तथा अन्य कोई वर्जित वस्तु न ले जाने दें। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का समय से निरीक्षण कर, पोलिंग पार्टियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इस दौरान निष्पक्षता और मनोयोग से ड्यूटी करें।

बूथ पर नियुक्त किये गये समस्त पुलिसबल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें व यथा समय ड्यूटी पर उपस्थित हों किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें संबन्धित आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें।

श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन' को मिली सराहना

कान, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल निर्देशित %मंथन% को शुक्रवार को 77वें कान फिल्म महोत्सव में पुनर्स्थापित फिल्मों के लिए समर्पित खंड में प्रदर्शित किया गया और काफी सराहना मिली।

वर्ष 1976 की इस फिल्म को इटली में दुनिया की बेहतरीन फिल्म प्रयोगशालाओं में से एक, बोलोग्ना में एल%इमेजिन रिट्रोवाटा प्रयोगशाला और चेन्नई में प्रसाद लैब्स में नया और भव्य रूप दिया गया था। इस साल कान्स क्लासिक्स अनुभाग का हिस्सा है। मंथन% को पुनन्बहाल करने वाले मुंबई स्थित फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के फिल्म निर्माता शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने कहा, 卐फिल्म खराब स्थिति में थी। पुनर्स्थापना एक श्रमसाध्य प्रक्रिया थी और इस काम में डेढ़ साल का समय लग गया।卐

श्री डूंगरपुर ने बुनुएल थिएटर में आयोजित पुनर्स्थापित फिल्म के विश्व प्रीमियर में कहा, 卐बेनेगल ने मुझे बताया कि पुनर्स्थापित फिल्म उनकी शूट की गई फिल्म से बेहतर है। प्रीमियर के मौके पर उपस्थित लोगों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी शामिल थे, जो गुजरात के किसानों द्वारा निर्मित फिल्म में एक ग्रामीण की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने 1976 में भारतीय सिनेमा में एक दुर्लभ भीड़-वित्त पोषित परियोजना में दो-दो रुपये का योगदान दिया था। श्री शाह ने कहा, 卐फिल्म का निर्माण आनंद, गुजरात के 500,000 दूध किसानों के योगदान से किया गया था। किसी ने भी फिल्म को कोई मौका नहीं दिया क्योंकि इसमें कोई नृत्य और एक्शन दृश्य नहीं था। %मंथन% 1977 में रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। यह मेरी दूसरी फीचर फिल्म थी।卐

मजदूर के मकान में लगी आग, लाखों की ग्रहस्थी जलकर राख

मौदहा हमीरपुर। शुक्रवार को देर रात मजदूर के मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों की ग्रहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने मुआवजा को लेकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

कस्बे के मोहल्ला फतेहपुर वार्ड नम्बर 3 निवासी उस्मान अली पुत्र रज्जब अली ने बताया की जब वह अपने मकान में सो रहा था तभी अचानक आग की लव उस तक पहुंची तो उसने उठकर देखा तो उसके मकान पर आग लगी हुई थी।

तभी उसने आनन-फानन फायरब्रिगेड को उक्त आग की सूचना दी और फायरब्रिगेड के पहुंचने तक देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को अपनी आगोश में लेकर मकान में रखी लाखों की गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया। इस घटना से पीड़ित अब सदमे में हैं और उसके रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा है।

इस घटना से आहत पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल सत्यम अवस्थी को दूरभाष पर घटना के बारे में अवगत कराया, जिसपर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटना का मुआयना किया है और बताया की उक्त घटना की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं। पीड़ित ने बताया की उसके मकान में रखा सामान जिसपर एक फ्रिज, कूलर, सिलाई मशीन, राशन, टीवी, गैस सिलेंडर, कपड़े आदि लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

नगर निगम कर्मियों के भुगतान सम्बंध में नगर आयुक्त की हाईकोर्ट में पेशी

कानपुर । नगर निगम कर्मियों की एसीपी व समय से उनका भुगतान न करने पर निगम कर्मचारी हाई कोर्ट चले गए थे, जहां से कोर्ट ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी.एन को व्यक्तिगत कोर्ट में हाजिर हाकर मामले से सम्बंध दस्तावेज और स्वयं प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। नगर निगम के लगभग 125 कर्मियो के एसीपी व भुगतान बकाया होने के सम्बंध में हाईकोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने कानपुर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी.एन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पेशी के लिए उन्हें स्वयं प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। नगर निगम के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नगर निगम के लगभग 125 कर्मियों के एसीपी का मामला है जिसको लेकर हाईकोर्ट ने 20, 21 व 22 तारीख को नगर आयुक्त को पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने नगर आयुक्त से पूछा है कि वर्ष 2013 से अब तक कितने कर्मचारियों का भुगतान किया गया है और कितने कर्मचारियों का भुगतान शेष है जिसकी आख्या नगर आयुक्त को उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करना है।

महिला सशक्तिकरण अभियान के संबंध में दी जानकारी

कानपुर । पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के समस्त थाना क्षेत्रों मे एण्टीरोमियो टीम द्वारा ,नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों 1090, 112, 181,1098.1076 व यूपीसीओपी ऐप से प्राप्त होने वाली सुविधाओं एवं जागरुक करने हेतु महिला सशक्ति करण अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वाशन दिया गया।

झ्रपोटेंशियल ग्रोथ का लाभ उठाने का प्रभावी तरीका

कानपुर । सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एक मालिकाना विघटन मॉडल पर आधारित फंड है, जिसमें 10 अलग-अलग उप-रणनीतियां हैं, इनमें से प्रत्येक को विभिन्न थीम्स में विशेष स्थितियों को उजागर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कानपुर मई, -सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड यानी विशेष अवसर निधि (एसओएफ) के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। इस अनूठे फंड को बाजार के अवसरों की पहचान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका लक्ष्य कम मूल्य वाले या उपेक्षित अवसरों के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि दर्ज करना है। इस फंड के खुलने की तारीख 17 मई, है और 31 मई, 2024 को क्लोज होगा।सैमको म्यूचुअल फंड का स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एक डिस्क्रप्शन स्ट्रेटेजी पर तैयार किया गया है जिसमें डिजिटलीकरण, इनसाइडर मिरर ट्रेडिंग, स्पिन ऑफ और कॉर्पोरेट एक्शंस, सुधार-नियामक, सरकार, अंडरवैल्यूड होल्डिंग कंपनियां, प्रीमियमाइजेशन, ट्रेंड्स सस्टेनेबल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजिकल डिस्क्रप्शन, संगठित बदलाव, नए और उभरते क्षेत्र सहित 10 अलग-अलग उप-रणनीतियां शामिल हैं। इस मॉडल में 10 उप-रणनीतियां निवेशकों के लिए संभावित विकास और मूल्य की तलाश करने के लिए जोखिम और विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए, विविध प्रकार के निवेश विचारों को सामने लाते हुए व्यवस्थित दृष्टिकोण को सक्षम बनाती हैं।

25वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धॉजलि

कानपुर । शनिवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पुरोधा स्वर्गीय बी एन सिंह की 25वीं पुण्यतिथि पर कोषागार स्थित पेन्शनर्स कक्ष में भावभीनी श्रद्धॉजलि दी गई। मुख्यअतिथि वयोवृद्ध कर्मचारी नेता गंगा प्रसाद यादव ने माल्यार्पण कर बी एन सिंह को श्रद्धॉजलि देते हुए परिषद के एकीकरण की बात रखी। पुण्यतिथि के अवसर पर परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि लोकसभा के निर्वाचन में भीषण गर्मी में ड्यूटी कर निष्पक्ष चुनाव कराया। कर्मचारी शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन जिस तत्परता से कर रहे है।

सरकार को कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, आठवाँ वेतन आयोग का गठन, सीसीए, रोके हुए भत्ते बहाल करने व कर्मचारियों के बीच से एमएलसी बनाए जाने की आवाज़ बुलंदी से की गई।बैठक का संचालन इं. कोमल सिंह ने किया।पुण्यतिथि पर विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की,प्रमुख रूप से इं.ए एन द्विवेदी, रणधीर सिंह, हरीश श्रीवास्तव, एसएमजेड नकवी, अजय द्विवेदी, रंजना सिंह, मंजूरानी कुशवाहा, आलोक यादव, मनोज झाँ, परवेज़ आलम, विनोद दीक्षित,आशुतोष दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, भानु प्रताप, सहदेव यादव, आर सी पटेल, अखिलेश मिश्र, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें।

राज्य कर्मचारी के संस्थापक बीएन सिंह मनाई गई पुण्यतिथि

चन्दौसी । राजकीय आईटीआई चंदौसी में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संस्थापक, कर्मचारियों के मसीहा स्वर्गीय बी0 एन0 सिंह जी की 25 बी पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री बी0 एन0 सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के गठन और कर्मचारी हितों में उनके संघर्षों को याद किया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एस के वाष्णेय ,कार्यदेशक महीपाल सिंह जयवीर सिंह ,अनुदेशक अमित कुमार शुक्ला जय सिंह , कीर्तिपाल शर्मा कुलदीप चतुर्वेदी योगेंद्र भटनागर ,अजय कुमार सुधाकर मिश्रा सूरजपाल सिंह अभय चौबे अनिल कुमार उपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे

जेके मैक्स पेंट्स ने सिंगल ब्रांड शर्मा जी कैंपेन किया लॉन्च

कानपुर । जेके मैक्स पेंट्स ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैंपेन सिंगलब्रांडशर्माजी को लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य एक प्रीमियम होम ब्यूटिफिकेशन सॉल्यूशन सर्विस प्रदान करना है।अपने मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन और बाज़ार उपस्थिति, ब्रांड लीडरशिप, गुणवत्ता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी को देशभर में उपभोक्ताओं का अटूट विश्वास प्राप्त है। ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को समझते हुए, जेके मैक्स ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अब डेकोरेटिव (सजावटी) पेंट और फिनिश की सम्पूर्ण रेंज पेश की है।इस कैंपेन का जेके वॉलमैक्स के ग्राहकों के साथ गहरा संबंध है, जो अपनी पसंद में विश्वास और निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। प्रसिद्ध अभिनेता जिमी शेरगिल को शर्मा जी के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो एक समझदार उपभोक्ता हैं, जो विश्वास, गुणवत्ता और ब्रांड लॉयल्टी को महत्व देते हैं। ब्रांड के प्रति अपनी बेहतरीन पसंद के लिए शर्मा जी विश्वसनीय दीवार पुट्टी के लिए जेके वॉलमैक्स वॉल पुट्टी पर भरोसा करते हैं और अब जेकेमैक्स पेंट्स की शुरुआत के साथ वह अपने घर को सजाने के लिए अपने उसी विश्वास को आगे बढ़ाते हैं।

कैंपस भर्ती अभियान आयोजित

फतेहपुर । प्रशिक्षुओं को सशक्त बनाने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के प्रयास में सुजुकी मोटर्स व होंडा मोटर्स के तत्वावधान में एसबीएस एजुटेक प्राइवेट आईटीआई में प्रशिक्षुओं के लिए एक कैंपस भर्ती और प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह आयोजन 3 मई 2024 को हुआ, जिसमें 100 प्रशिक्षुओं मे 20 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने बताया सभी प्रशिक्षुओं को उनके प्रशिक्षण अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास की सुविधा और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नौकरी पर प्रशिक्षण प्राप्त होता है। एडमिशन सेल व स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन हेड शोभित गुप्ता ने दोनों कंपनियों को धन्यवाद देते हुए चयनित युवाओं को मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।

पांचवें चरण के मतदान के लिए थमा चुनाव प्रचार प्रत्याशियों ने रोड शो निकाल दिखाई ताकत

महोबा। बुंदेलखंड के महोबा जनपद में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन 11 प्रत्याशियों ने चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में 42 डिग्री सेल्शियश के मध्य महोबा हमीरपुर तिंदवारी के अलग-अलग स्थानों पर रोड शो कर अपनी अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर अपने पक्ष में मतदान करने की जनता से अपील की। बता दे कि चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सुबह से ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित ने अपना रोड शो अपने कार्यालय से प्रारंभ करते हुए राजा परमाल चौराहा पुराना, रामलीला, सुभाष चौकी, उदल चौक, आल्हा चौक, रोडवेज, परमानंद तिराहा होते हुए अपने कार्यालय पर पुन: संपन्न किया। गठबंधन के सपा प्रत्याशी अजेंद्र राजपूत ने अपना रोड शो पनवाड़ी कस्बा में मोटर स्टैंड से प्रारंभ कर पनवाड़ी में चुनाव के आखिरी दिन लोगों का अभिनंदन करते हुए निकाला । चुनाव के आखिरी दिन पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने अपना रोड शो चिलचिलाती धूप में अपने कार्यालय से प्रारंभ किया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जय जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। डीजे में लोग 400 पार का नारा लगाते हुए थिरकते हुये चल रहे थे। इस दौरान जुलूस ने परशुराम तिराहा, पुराना प्राइवेट स्टैंड तहसील चौराहा, मैन बाजार, ऊदल चौक, सुभाष चौकी, आल्हा चौक, रोडवेज, परमानंद तिराहा होते हुए समूचे नगर में भ्रमण किया। जहां पर लोगों ने पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के ऊपर गुलाब के फूल फेंक कर उनका अभिनंदन किया। समूचे शहर में जगह-जगह कुं0 पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का लोगों ने तुलादान किया। तुलादान के दौरान जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के शक्ति प्रदर्शन के दौरान हजारों की संख्या में लोग डीजे की धुनों पर नाचते हुए नजर आए। शनिवार से पांचवें चरण के चुनाव का शोर शाम 5 बजे से समाप्त हो गया। शक्ति प्रदर्शन के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

चन्दौसी। खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ पूल पार्टी का आयोजन किया गया ।विद्यालय के समस्त बच्चों को आइसक्रीम बांटी गई।ऋतुओं पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिससे बच्चों को ऋतुओं के प्रति आकर्षण बढे एवं विस्तृत जानकारी प्राप्त हो । विद्यालय के प्रधानाध्यापिका डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों में ज्ञानात्मक संवर्धन करेगा एवं बच्चों में मनोरंजन और उत्साह की नई वृद्धि करेगा। विद्यालय बच्चों का दूसरा परिवार होता है अत: बच्चे सुखद स्मृतियों के साथ कल से प्रारंभ होने वाले ग्रीष्म अवकाश पर जाएं इसी उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया है। समिति के अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने सभी बच्चों को आशीर्वाद वचन और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की ।विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी बच्चों को एक पेंसिल कॉपी एवं गणित किट प्रदान की गई। समिति ने विद्यालय को मेट भी प्रदान की कार्यक्रम की भव्यता इस प्रकार थी कि बच्चों की चेहरे पर इतनी खुशी और उत्साह दिखाई दे रहा था की छुट्टी के बाद भी बच्चे घर नहीं जाना चाह रहे थे। यही कार्यक्रम की सार्थकता थी। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के समस्त स्टाफ को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में अनु गांधी, कीर्ति मेहरोत्रा, रेखा रस्तोगी, ज्योति साहनी, मीनू अहुजा ,योगिता कोहली, अभिषेक गुप्ता, आयुषी ,बीनू विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं , एवं समिति के सदस्यों उपस्थित रहे।

गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से लोगों को जूझना नहीं पड़ेगा

ऊसराहार, इटावा। गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से अब ऊसराहार के लोगो को जूझना नही पडेगा विद्युत विभाग की पहल पर ऊसराहार के विद्युत उपकेद्र पर पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को हटवाकर दस एमबीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है अब किसानो के लिए नलकूप और उपभोक्ताओं के लिए एक साथ दोनो फीडर चलाए जा सकेंगे जबकि पहले एक लायन ही चल पाती थी। ऊसराहार मे स्थापित 33 केवीए के विद्युत उपकेद्र पर शनिवार को पावर की क्षमता को बडा दिया गया है पिछले एक वर्ष से ऊसराहार मे ओवरलोडिंग की समस्या बहुत ज्यादा चल रही थी हालत यह थी कि गर्मियों मे ऊसराहार कस्बा को सप्लाई ही बहुत कम मिल पाती थी पहले ऊसराहार फीडर को चलाया तो जाता था लेकिन किसानो के लिए सुबह नलकूप की सप्लाई चलते ही उपकेंद्र पर ओवरलोड हो जाता था यदि किसानो को पानी की सप्लाई दी जाती थी तो ऊसराहार के फीडर की सप्लाई को बाधित करना पडता था इसको लेकर उपभोक्ता आए दिन सप्लाई को लेकर शिकायते करते थे लगातार चल रही इस समस्या से निजात के लिए एसडीओ ताखा संजीब अहिरवार ने ऊसराहार के उपकेंद्र पर रखे पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा आखिर शासन ने ऊसराहार मे दस एमबीए के ट्रांसफार्मर को लगवाने का फैसला किया शनिवार को उपकेंद्र पर पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर को हटा दिया गया उसकी जगह दस एमबीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है एसडीओ संजीव अहिरवार ने बताया अब उपकेंद्र दस दस एमबीए के दो ट्रांसफार्मर से सप्लाई चलेगी जबकि पहले एक दस के साथ दूसरा पांच एमबीए का ही ट्रांसफार्मर रखा था जिसे अब हटाकर दोनो दस एमबीए के ट्रांसफार्मर कर दिए गए हैं अवर अभियंता सतेंद्र कुमार ने बताया ऊसराहार के उपकेद्र पर ओवरलोड की समस्या के चलते लायन ट्रिपिंग की समस्या से अब छुटकारा मिल जाएगा। पहले नलकूप और कस्बा का फीडर एक साथ चलाने पर मशीने ओवरलोड हो जाती थी लेकिन अब पांच की जगह 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर रख जाने से इस समस्या से निजात मिल जाएगी साथ ही किसानो और उपभोक्ताओं को समय पर सप्लाई मिल सकेगी।

प्रत्याशी व चुनाव एजेंन्टों के साथ बैठक सम्पन्न

उम्मीदवार प्रति टेबिल 1 गणना अभिकर्ता की कर सकते हैं नियुक्त

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध मे राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेंन्टों के साथ कलेक्ट्रेट गांधी सभागार मे बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक के दौरान बताया गया कि 196 विधानसभा छिबरामऊ 197- विधानसभा तिर्वा 198- विधानसभा कन्नौज की मतगणना 04 जून को प्रात: 8 बजे नवीन मण्डी स्थल जीटी रोड कन्नौज मे प्रारम्भ होगी। इसी क्रम मे 202- विधानसभा बिधूना की मतगणना नवीन मण्डी स्थल औरैया तथा 205- विधानसभा रसूलाबाद की मतगणना अकबरपुर डिग्री कालेज अकबरपुर कानपुर देहात मे प्रारम्भ होगी जिसमे मतगणना मे निर्धारित टेबिल की संख्या 196-छिबरामऊ ईवीएम हेतु 14 टेबिल, 197-तिर्वा ईवीएम हेतु 14 टेबिल तथा 198 कन्नौज ईवीएम हेतु 14 टेबिल तथा पोस्टर बैलेट पेपर हेतु 12 टेबिल एवं ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु 15 टेबिलों का निर्धारण किया गया है। ईवीएम एंव पोस्टर बैलेट हेतु उम्मीदवार प्रति टेबिल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है तथा ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु पाण्डाल में उम्मीदवार केवल 1 गणन अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गणन अभिकर्ताओं को 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति को नियुक्त करें। केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार के मंत्री/ससंद के सदस्य/या राज्य विधानसभा सदस्य महापौर/चेयरमैन/जिला पंचायत अध्यक्ष केन्द्रीय उपक्रमों/राजकीय उपक्रमों के अध्यक्ष व सदस्य सरकार से किसी भी प्रकार का मानदेय या अनुदान प्राप्त संस्था में कार्य करने वाले व्यक्ति शासकीय कर्मी स्वास्थ्य कर्मी उचित मूल्य दुकान डीलर्स आंगनवाडी कर्मचारी कोई भी ऐसा व्यक्ति जो केन्द्र एंव राज्य सरकारों द्वारा सुरक्षा घेरा प्रदान किया हो को गणन अभिकर्ता के रूप मे नियुक्त नही किया जा सकता है। कहा कि उम्मीदवार एक ही नियुक्ति फार्म 18 मे अपने 7 गणन अभिकर्ताओं को नियुक्त कर सकते है। फार्म 18 पर गणन अभिकर्ता के हस्ताक्षर अवश्य हो। गणन अभिकर्ता के पास फोटो पहचान पत्र होना अनिवार्य है। एक बार मतगणना प्रारम्भ होने के पश्चात् नये गणन अभिकर्ता की नियुक्ति नही की जा सकती है। रिर्टनिंग आफीसर को गणना हॉल मे प्रवेश से पहले किसी भी गणन अभिकर्ता की छानबीन का अधिकार होता है। गणन अभिकर्ता अपना पहचान पत्र टेबिल संख्या के साथ बैच अवश्य लगायें। उन्होनें कहा कि गणना अभिकर्ता कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस जैसे मोबाइल फोन आई पॉड ब्लुटूथ इयर-पॉडस स्पाई पेन कैलकुलेटर पेनड्राइव इत्यादि को अपने साथ नही ले जा सकते है। इस बात को विशेष ध्यान रखा जाये। गणना अभिकर्ता केवल पेन पेंसिल प्लेन पेपर और प्रारूप 17 सी ही ले जा सकते है। मतगणना स्थल पर ध्रूमपान पूर्णतया वर्जित रहेगा तथा स्वच्छ पेयजल शौचालय की व्यवस्था मतगणना स्थल पर रहेगी। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित राजनैतिक दलों के प्रत्याशी व चुनाव एजेन्ट उपस्थित थे।

मतदान की अपील

बस्ती। आर्य समाज नई बाजार बस्ती के प्रधान ओम प्रकाश आर्य ने बस्ती के लोगों को 25 मई के दिन निर्भीक होकर राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन की रक्षा के लिए रोटी कपड़ा और मकान प्राप्त करने और स्थाई बनाए रखने के लिए अपने संस्कारों और पुरुषार्थ पराक्रम को सुदृढ़ करने की परम आवश्यकता होती है। इसके अभाव में जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं प्राप्त होने पर भी शांतिपूर्वक जीवन बिताना कठिन हो जाता है। उसी प्रकार लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जन जन की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक सोच की परम आवश्यकता होती है। देश के राजनेताओं से अपनी स्वार्थसिद्धि से प्रेरित होकर अपना अमूल्य मत नहीं गवाना चाहिए, बल्कि मानवीय मूल्यों की रक्षा और देश की सर्वविधि उन्नति को केन्द्र में रखकर अपना मत-दान करना चाहिए। प्रत्येक मतदाता को बिना लालच, दबाव और बिना किसी शर्त के राष्ट्रहित में कार्य करने वाले प्रत्याशी को ही मतदान करना चाहिए।

जांच के बाद दोषी होने के बाद विकास निधि घोटाला व शौचालय निर्माण घोटाले पर कार्रवाई नहीं

बदायूं। ब्लाक कादरचौक इलाके के गांव बेहटा डम्बरनगर में प्रधान व सचिव की मिली भगत के चलते ,ग्राम विकास निधि घोटाला, शौचालय निर्माण घोटाला बडे पैमाने पर किया गया है। ग्रामीणो ने मामलें की षिकायत मुख्यमंत्री से कर कर्रवाई की मांग की है। ग्रामीणो का आरोप है। कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके विरूद्ध आरोपों का जनहित मेंसंज्ञान लेकर जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। ईडी ने जांच रिपोर्ट शासन के अलावा सीबीआई को भेजी है। इसमे प्रधान मोहम्मद शफी और पूर्व प्रधान सफदरी बेगम पत्नी मुहम्मद शफी के विरूद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। ईडी ने अपनी जांच के पुख्ता सुबूतों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। कि बेहटा डम्बर नगर के प्रधान आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक सम्पत्ति रखने के कारण भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 का उल्लंघन करने के दोषी है। मनरेगा जाब

कार्ड शौचालय तालाब उच्चीकरण सडक निर्माण में गैर कानूनी तरीके से व्यवसाय में शामिल होने के आपराधिक कदाचार के दोषी है। ईडी को इस बात के सुबूत मिले हैं । कि बेहटा डम्बर नगर के प्रधान मुहम्मद शफी बड़े पैमाने पर घोटाला मे लिप्त हैं यह तथ्य रिकार्ड के साथ साथ आयकर युक्त द्वारा प्रस्तुत जताया गया है कि एक गांव के प्रधान रहते हुए 3 बर्ष में अत्याधिक कृषि उत्पादन भूमि खाता मे नगदी सहित भारी मात्रा मे धन पाए जाने के मामला सामने आया है। प्रधानों और सचिवों ने ग्राम निधि से करीब 348,684 धनराशि और मनरेगा योजना में 5,08,678 धनराशि का गबन किया गया है। डीएम के आदेश पर डीपीआरओ ने तत्कालीन और वर्तमान प्रधानों के साथ सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। ऐसे में वर्तमान प्रधान की पावर सीज होने तथा सचिवों पर निलंबन की तलवार लटक गई है।.

सीसीटीवी की निगरानी में स्ट्रांग रूम, डीईओ ने किया निरीक्षण

बदायूँ। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन का मतदान 07 मई 2024 को सकुशल रूप से संपन्न हो चुका है। ईवीएम व वीवीपीएटी को मंडी समिति बदायूं के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखवाया गया है, जिसकी 24 घंटे सतत रूप से निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरो से भी सतत

निगरानी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने सीसीटीवी से की जा रही निगरानी सहित की गई अन्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने बताया कि मतगणना 04 जून 2024 को होगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं तथा इसकी सतत निगरानी की जा रही है, जिसके लिए 24 घंटे पुलिस बल तैनात है। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार खत्म

हमीरपुर ब्यूरो। लोकसभा सभा क्षेत्र हमीरपुर महोबा और तिंदवारी में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनावी प्रचार आज शनिवार की शाम थम गया। सोमवार 20 मई को कुल 18 लाख 34 हजार 444 मतदाताओ को मतदान करना है। भीषण गर्मी में मतदान कितने प्रतिशत होता है वक्त पर पता लगेगा। पिछले 2019 के चुनाव में 15 हजार मतदाताओं ने नोटा की बटन दबाई थी इस बार कितने मतदाता नोटा की बटन दबाते हैं यह भी चुनाव परिणाम के वक्त ही मालूम चलेगा।

हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है तो 18 मई को चुनावी प्रचार थम गया, यहां कुल 1834444 मतदाताओं को मतदान करना है। जिसमे 991352 पुरुष और 843053 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर के कुल 39 वोटर भी शामिल है, यहां पहली बार 30608 युवा मतदाताओ को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। 85 वर्ष

की आयु वाले 14349 मतदाता और 19316 दिव्यांग मतदाता भी मताधिकार का प्रयोग करने वाले हैं। यहां 1221 मतदान केंद्र और 1975 बूथ बनाए गए हैं, लोकसभा क्षेत्र को 24 जोन और 196 सेक्टर में बांटा गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनीति से ऊबे 15 हजार 155 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी पर विश्वास न जताते हुए नोटा की बटन दबाई थी। इस बार नोटा की बटन दबाने वालो की संख्या घटती है या बढ़ती है यह तो वक्त पर ही पता लगेगा। इसी तरह बुंदेलखंड की हमीरपुर-महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट के लिए 2019 में हुए मतदान ने पिछले 68 सालों के रिकार्ड तोड दिए थे। 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान के बीच पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं।

संसदीय सीट में आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बंपर वोटिंग हुई थी इसका सीधा फायदा भाजपा को मिला था और बंपर मतों से भाजपा की जीत हुई थी। 17वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा और बसपा सपा गठबंधन समेत चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे पहली बार इस संसदीय क्षेत्र में 61.69 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था।

जिससे पिछले सोलह आम चुनावों के मतदान के रिकॉर्ड ही टूट गए थे। किंतु 18वीं लोकसभा के लिए कितने प्रतिशत मतदान होता है, मतदान में महिला पुरुष, युवा, वृद्ध किस प्रकार की सहभागिता दर्शाते हैं यह 20 मई को मतदान के बाद ही पता चलेगा।

प्राथमिकता पर कराएं बी. पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य

बदायूँ। जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में भारत सरकार के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी कमेटी (डीएनआईएमसी) की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला सहकारी बैंक लि0 बदायूँ से सम्बद्ध 132 बी-पैक्स में कम्प्यूटराइजेशन की स्थिति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बी0पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि बी-पैक्स के कम्प्यूटरीकरण होने के उपरान्त कृषकों को समिति द्वारा उपलब्ध की जा रही सभी सेवायें ऑनलाईन प्राप्त होंगीं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा सभी बी-पैक्स की कैश एण्ड कैरी ऋण सीमा रू0 10.00 लाख स्वीकृत की गयी है, जिस पर ब्याज की आपूर्ति भारत सरकार/राज्य सरकार स्तर से की जायेगी। बैठक में उप महाप्रबंधक सहकारी

बैंक हरिबाबू भारती ने बताया कि प्रथम चरण में चयनित 33 बी-पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। 24 जनवरी 2024 को 33 बी-पैक्स का अनुमोदन कर पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है। शेष 66 सक्रिय समितियों को पैक्स कम्प्यूटराइजेशन शीर्ष बैंक के निर्देशों के क्रम में शनिवार को आहूत कंमेटी की बैठक में चयनित कर अनुमोदित किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में कार्यरत सभी बी-पैक्स पर उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहेगी, जिससे कृषकों को उर्वरक/बीज आदि की कोई समस्या नहीं रहेगी। इस अवसर पर कमेटी सदस्य बी पैक्स सचिव सुखौरा, बी पैक्स सचिव बिनावर, बी पैक्स सचिव पपगाँव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता एवं जी0एम0/टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (टी0डी0एम0) बी0एस0एन0एल0 आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री के समक्ष एमएलसी ने समर्थको के साथ थामा भाजपा का दामन

बस्ती। केन्द्रीय रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह समक्ष पूर्व एमएलसी मनीष जयसवाल और विधानसभा पूर्व प्रत्याशी व पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक मिश्र ने अपने समर्थको के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में अपनी आस्था जताई। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, सांसद हरीश द्विवेदी, जिला प्रभारी समीर सिंह ने शामिल होने वालों को पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इनके साथ ओम प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्रनाथ त्रिपाठी, दीपक पांडेय, राजेश पांडेय, अंकित त्रिपाठी, सुरेश पांडेय, पंकज मिश्र ने सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं जो कि निरंतर चलता रहेगा।

विधिक जागरूकता शिविर में मेधावियों को किया सम्मानित

बदायूं। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के निर्देशानुपालन में 17 मई समय पूर्वान्ह 11ः00 बजे से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा शिक्षा का अधिकार एवं उपभोक्ता फोरम से संबंधित विधिक साक्षरता / जागरूकता शिविर का आयोजन पीएम राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज जनपद में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिव कुमारी की अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में कुमारी कशिश सक्सेना, अस्टेंन्ट एलएडीसी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के द्वारा अपने वक्तव्य में शिक्षा के अधिकार एवं उपभोक्ता फोरम के वारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी, सुरेन्द्र कुमार, तहसीलदार, तहसील सदर द्वारा अपने वक्तव्य में जनकल्याणकारी संबंधी योजनाओं एवं अपने व्यक्तित्व की पहचान संबंधी दस्तावेज / प्रपत्र यथा राशन कार्ड, पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र व आय प्रमाण-पत्र आदि को निर्गत करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी एवं विद्यालय के , प्रधानाचार्य अल्पना कुमार द्वारा बालिकाओं के अधिकारों एवं उपभोक्ता अधिकारों के विषय पर छात्राओं को जागरूक किया गया, बच्चों से अपील की गयी कि शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ जागरूक रहना अति आवश्यक है।

उक्त शिविर के अन्त में श्रीमती शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, में

स्थापित लीगल एड क्लीनिक में अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु नि:शुल्क विधिक सहायता के सन्दर्भ में आवेदन कर सकते है।

इसी कम में उन्होने बताया कि दिनांक 13 जुलाई को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सूक्ष्म लघु प्रकृति के वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है। इसी क्रम में पीएम राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज जनपद बदायूं के मेधावी छात्राओं द्वारा उप्र बोर्ड इलाहाबाद द्वारा आयोजित की गयी बोर्ड परीक्षा में इण्टरमीडिएट की कक्षा में प्रथम श्रेणी 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली खुशी कश्यप, एवं दशवीं कक्षा में द्वितीय श्रेणी 83.53 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली खुशी यादव व प्रिया राठौर द्वारा समान अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त शिविर में रवि कुमार, संरक्षण अधिकारी, भमरपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता-बाल संरक्षण इकाई, जनपद, संगीता, प्रभारी थानाध्यक्ष महिला थाना, छवि वैश्य, महिला शक्ति केन्द्र, डॉ रिहाना, डॉ सरला रानी, श्रीमती सुमिता गोला, प्रवक्तागण, निशात बेगम, जाकिरा नुसरत, प्रियंका शर्मा, पूजा वर्मा, दीप्ति वर्मा, सुनीति यादव, शिखा उपाध्याय, नेहा कुमारी सहायक अध्यापकगण आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

इटवा सिद्धार्थनगर । शनिवार को स्थानीय विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरा मे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पूरे गांव में रैली निकाली गई। जागो-जागो हे मतदाता,तुम भारत के भाग्य विधाता जैसे दर्जनों गगनचुंबी नारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस दौरान प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक वोटर को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान के दिन हम सभी को सबसे पहले वोट डालना चाहिए, उसको बाद ही जलपान करना चाहिए। सबको जाति-धर्म से ऊपर उठकर योग्य व शिक्षित उम्मीदवार को वोट देना चाहिए,

तभी हमारे समाज व देश का विकास हो सकता है। वोट के बदले कोई उपहार बिल्कुल भी नही लेना चाहिए। रैली में सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार, नलिनी श्रीवास्तव व स्कूली बच्चो में आफरीन खान, मोहम्मद समीर, शिव कुमार, मुदस्सिर, अनस, अराधना, महिमा गौतम, शान्ती, कान्ती, खुशी, शमा शाकिब, असरफ अली, समीर एवं कामरान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रशिक्षित किये गये माइक्रो ऑब्जर्वर, डीएम ने दिए निर्देश

सिद्धार्थनगर । सामान्य प्रेक्षक नीमा अरोड़ा, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कलाभवन में माइक्रो आब्जर्बर का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्टेट पवन अग्रवाल द्वारा माइक्रो आब्जर्बर को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निश्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कराया जा रहा है। सभी लोग अच्छी तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वी0वी0पैट को सही तरीके से रखें वी0वीपैट के ऊपर तेज प्रकाश अथवा सीधी धूप न आ रही हो। मतदान प्रारम्भ होने के 90 (प्रात: 5:30 बजे) मिनट के पहले माक पोल करना अनिवार्य है किसी भी एजेन्ट के उपस्थित न रहने पर अधिकतम 15 मिनट का प्रतीक्षा किया जायेगा, प्रतीक्षा अवधि के बाद बिना देर किये माक पोल की कार्यवाही शुरू कर देंगें। माक पोल की पर्चियों को निर्धारित लिफाफे में रखकर सील किया जायेगा। इसके पश्चात वास्तविक मतदान शुरू किया जायेगा। ई0वी0एम0/वीवीपैट में खराबी होने की दशा में कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वी0वी0पैट मे से कोई खराब होता है तो उसे ही बदला जायेगा। मतदान प्रारम्भ होने के बाद यदि एक भी मत पड़ चुका है तो कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट अथवा दोनो खराब है तो इस दशा में तीनो बदला जायेगा। माइक्रो आब्जर्बर निलर्धारित प्रारूप पर 18 विन्दु पर सूचना तैयार कर प्रेषित करेगे। मतदान अधिकारियों के कर्तव्य, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की सील एवं टैंग लगाने आदि के बारे में जानकारी दी गयी। मतदान कक्ष में प्रवेश में किसको अनुमति रहेगी आदि के बारे में जानकारी दी गयी। मतदान हेतु पहचान के लिए भारत निर्वारित विकल्पो में से कोई भी है तो मतदान कर सकता है। प्राक्सी मतदान, टेस्ट वोट, टेन्डर वोट, चैलेन्ज वोट आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। सामान्य प्रेक्षक नीमा अरोड़ा ने निर्देश दिया कि सभी लोग समय से मतदान केन्द्र पर पहुँचे तथा को निर्धारित समय से प्रारम्भ कराये।

संक्षिप्त समाचार

इलेक्ट्रिक बस डिपो में जागरूकता आयोजन

अलीगढ़। ट्रैफिक पुलिस अलीगढ़ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इलेक्ट्रिक बस डिपो में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में बस ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा, वातावरणीय लाभ, विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं के महत्व पर जागरूकता दी गई। इसके साथ ही सत्र में संबंधित स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा और सड़क नियमों का पालन करने की जरूरत पर भी चर्चा की। यह पहल प्रभावी परिवहन और यात्रियों को अपने सुरक्षित यात्रा का ध्यान दिलाने का एक प्रमुख कदम है। जागरूकता सत्र में प्रमुख रूप से यातायात निरीक्षक विनय सागर शुक्ल, यातायात उप निरीक्षक राम मेहर सिंह, यातायात उप निरीक्षक विजय पाल सिंह, मुख्य आरक्षी भानु प्रकाश जी एवं डिपो प्रबंधक सौरभ वत्स मौजूद रहे।

पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त करने में दिन व रात को दौड़ेंगे जलकल के अधिकारी

अलीगढ़। नगर आयुक्त अमित आसेरी ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु जलकल विभाग में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को जलाशय व उससे सम्बद्ध नलकूपों का दिन के साथ-साथ रात्रि में सघनता से निरीक्षण करने व संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा है। इस संबंध में नगर आयुक्त अमित आसेरी ने कहा बढ़ती हुई गर्मी और अलीगढ़ में निरंतर गिरते जलस्तर के कारण कई क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत सामने आ रही है नगर निगम के सभी ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक से नियमित पेयजल आपूर्ति को प्रभावी बनाने और निगरानी के लिए दिन के साथ-साथ रात्रि में अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं साथ ही साथ सभी संबंधित को अपना मोबाइल नंबर एक्टिव रखने की हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षक अधिकारी-लक्ष्मण सिंह सहायक अभियंता(9456210426) क्षेत्रीय पेयजल प्रभारी मुबाशिर आदिल(9105053525) को जवाहर भवन जनकपुरी जमालपुर धोबी घाट हमदर्द नगर डी धौर्रा माफी रामगढ़ पंजूपुर कुवार्सी। मौ0अनवर ख्वाजा,महाप्रबंधक जल(9105053405) पेयजल प्रभारी दिव्यांशु वत्स(9105053452) को गाँधीपार्क स्काई टॉवर ए0डी0ए0 विकास नगर ए0डी0ए0 अवन्तिका स्वर्ण जयन्ती नगर रावण टीला धनीपुर, नरेन्द्र सिंह,अवर अभियंता(9368061463) व पेयजल प्रभारी वशिष्ठ मौर्य(9997451666) को खैर बाईपास 1 व 2 लोधी बिहार ए0डी0ए0 शांति निकेतन ए टू जेड शाहजमाल डबल टंकी और चन्दन सिंह,तकनीकि सलाहकार एवं पेयजल प्रभारी विष्णु(9105053451) को जलकल परिसर नगला मसानी ऊपर कोट आवास विकास जी0टी0 रोड किशोर नगर बृज बिहार इन्दिरा नगर सारसौल का क्षेत्र निर्धारित किया है।

शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

अलीगढ़। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा शिक्षक क्षमता निर्माण के उद्देश्य से आयोजित विशेष कार्यक्रम गुरुशाला द्वारा कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़ में बिजौली ब्लॉक के प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में 80 चुने हुए शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। गौरतलब है कि अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में इंडस टावर्स लिमिटेड और वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित गुरुशाला के सभी प्रकार के संसाधन व प्रशिक्षण नि:शुल्क रूप से प्रदान किये जाते हैं। शिक्षण एवं प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाने में सहायता करने वाले आधुनिक उपकरणों के उपयोग को संबोधित करने के लिए, 21वीं सदी के शिक्षकों के नए कौशलों के साथ शिक्षकों को निपुण बालक, कक्षा, विद्यालय, ब्लॉक एवं जनपद बनाने के उद्देश्य से गुरुशाला ने बृहद सत्र योजना पर कार्य शुरू किया है। खण्ड शिक्षाधिकारी बिजौली द्वारा जानकारी दी गई कि इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की पैडागॉजी और खेल पर आधारित विभिन्न सीखने सिखाने की शैलियों और कक्षाओं में सीखने में आ रहे अवरोधों को दूर करने की रणनीतियों पर विशेष जानकारियों को प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। दो दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण में जलपान एवं भोजन व्यवस्था के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए।

167 बाल रचनाकारों ने किया सहभाग

अलीगढ़। अभिनव बालमन द्वारा अभिव्यक्ति 2024 का आयोजन एसएसडी इंटर कॉलेज में किया गया। बाल रचनाकारों ने कविता, कहानी, चित्रकला एवं निबंध में अपने मनोभावों को उकेरा। बाल रचनाकारों ने विभिन्न विषयों पर कविता, कहानी एवं निबंध की रचना की। बच्चों ने देश, प्रकृति, पर्यावरण, गांव, कैरीकेचर आदि को अपनी चित्रकारी में उकेरा एवं विविध विषयों पर कविता-कहानी लिखीं। विद्यालय के प्रबंधक पवन शर्मा ने कहा कि अभिनव बालमन ने बच्चों के बीच कविता, कहानी, निबंध जैसे रचनात्मक लेखन एवं चित्रकला के माध्यम से जो उत्साह पैदा किया है वह प्रशंसनीय है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका अग्रवाल ने कहा कि अभिनव बालमन ने वर्षों से बच्चो के बीच रचनात्मक गतिविधियां कराई हैं। ये गतिविधियां बच्चो में साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करती हैं। अभिनव बालमन की उप संपादक संध्या ने कहा कि अभिनव बालमन का उद्देश्य है हर बच्चे में नया रचने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना। पत्रिका में तो निरंतर यह है ही साथ में अभिव्यक्ति जैसे आयोजन के माध्यम से इसे और निखारा ज

डिम्पल यादव ने किया रोड शो

जनता कनेक्शन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने आज गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा के पक्ष में रोड-शो किया। रोड-शो गोण्डा लोकसभा के अम्बेडकर चौराहा से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास एलवीएस चौराहा होते हुए गुरूनानक चौक, गुड्डू मल चौराहा मनकापुर बस अड्डा होते हुए बड़ा गांव से अम्बेडकर चौराहा पर समाप्त हुआ। रोड-शो में भारी भीड़ उमड़ी। रोड-शो में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नेता और जनता ने डिम्पल यादव का अभिवादन किया।

जगह-जगह कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, महिलाओं, नौजवानों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के समर्थकों, व्यापारियों ने रोड-शो के दौरान श्रीमती डिम्पल यादव, समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुश्री श्रेया वर्मा पर फूल बरसाये। रोड-शो के दौरान पूरा गोण्डा शहर समाजवादी पार्टी के लाल, हरे झंडो से पटा रहा। लाल टोपी में हजारों समाजवादी कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ नारेबाजी करते रहे। श्रीमती यादव ने श्रेया वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। रोड-शो के दौरान डिम्पल यादव के साथ लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, गोण्डा विधानसभा से सपा के पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह समेत अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। डिम्पल यादव के साथ लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा और उनके पिताजी पूर्व मंत्री राकेश वर्मा को देख गोण्डा की जनता भावुक हो गयी। सभी स्व0 बेनी प्रसाद वर्मा को याद कर भावुक हो गये। श्रेया वर्मा उनकी पौत्री है।डिम्पल यादव ने कल मोहनलालगंज से लोकसभा प्रत्याशी आर.के. चौधरी के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी वादे झूठे हैं। वह पूंजीपतियों का संरक्षण करती है। भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। भाजपा ने सभी वर्ग और समाज को परेशान किया है।उन्होंने कहा कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रूपये सालाना देंगे। किसानों की फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देंगे। चार साल वाली अग्निवीर योजना खत्म करके पहले जैसी सेना की नौकरी देंगे। श्रीमती डिम्पल यादव ने कहा कि केन्द्र के बाद यूपी में भी सरकार बन सकती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अम्ब्रीष सिंह पुष्कर, अमर पाल सिंह, अशोक यादव, वेद प्रकाश त्रिपाठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदि भी मौजूद रहे।

अवैध कटान करने वालों पर मुकदमा दर्ज

ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर हुई सख्त कार्यवाही

जनता कनेक्शन

हलचल खबर का असर

मलिहाबाद,लखनऊ। वन रेंज दुबग्गा क्षेत्र में बीते बुधवार को बिना परमिट लकड़ी ठेकेदार ने हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ो पर रातो रात आरा चलाकर दर्जनों पेड़ो को धराशाई कर दिया था। दैनिक समाचार पत्र जनता कनेक्शन ने उक्त अवैध कटान की खबर दर्जनों पेड़ो पर आरा चलाकर ठूठो को किया दफ़न शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेते हुए वन विभाग ने जाँच की और अवैध कटान करने वालों पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

दुबग्गा वन रेंज की महदोईया बीट के प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह लोधी वन रक्षक लखनऊ ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह बीती 15 मई को क्षेत्र मे गस्त के दौरान ग्राम तिलसुआ में अवैध कटान की सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर मैं अपने सेक्शन अधिकारी मंगतू प्रसाद वन दरोगा के साथ गहन पूछताछ करता हुआ ग्राम तिलसुआ पहुँचा तो जैतीपुर जाने वाले मार्ग पर कच्चे गलियारे पर काफी अंदर बाग में अवैध कटान पाया गया। घटना स्थल की जाँच की गयी तो 11 आम वृक्षों को काटा गया है मौके से प्रकाष्ठ गायब है केवल ठूंठ बचे है ठूठों पर मिट्टी डालकर ठूंठों को छिपाने का प्रयास किया गया है आस पास लोगों से जानकारी की तो पता चला यह बाग संतोष यादव पुत्र राम आसरे नि0 ग्राम तिलसुआ थाना मलिहाबाद लखनऊ की है जिसे भल्लू उर्फ मिथिलेश पुत्र चंद्रशेखर नि0 ग्राम लंगोटा थाना काकोरी लखनऊ और सुरेश पुत्र राम किशन नि0 ग्राम लंगोटा खेड़ा था काकोरी लखनऊ के द्वारा काटा गया है। वही दुबग्गा रेंज स्क्वड्ड से

मिली सूचना के आधार पर लगोंटा खेड़ा गांव जाकर अभियुक्तों के विरुद्ध केस जारी किया गया है साथ ही सराय अलीपुर बसारेला, रमगढ़ा गांव मे भी केस जारी किया गया और सूचना पर भुलईखेड़ा गांव में शाहपुर निवासी लकड़ी ठेकेदार टेनी द्वारा काटी गयी ट्रैक्टर पर लादे आम की लकड़ी को पकड़ कर ट्राली को सीज करते हुए मुकदमा दर्ज करवाने की कार्यवाही की गई।उक्त अवैध कटान बिना पातन परमीशन के किया गया है जो उ0प्र0 वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 एवं अभिवहन नियमावली 1978 की धारा 3/28 के अन्तर्गत वन अपराध है ।

संक्षिप्त समाचार

पुरानी रंजिश के चलते नेता पर जानलेवा हमला

लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की रात भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी पर पुरानी रंजिश मे धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार जानलेवा हमले के दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सुशान्त गोल्फ सिटी के अवध शिल्प ग्राम चौराहा के पास बनी कालोनी में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी अपने परिवार के साथ रहते है,भाजयुमो नेता ने बताया बीते शुक्रवार की शाम पकंज तिवारी के साथ अपनी कार से धोधनखेड़ा गांव जा रहे थे. चौराहे पर पहुंचकर कार से बाहर निकलकर मोबाइल फोन पर बात करने लगे तभी पुरानी रंजिश को लेकर दबंग किस्म के अभिषेक शर्मा व ध्रुव भट्ट ने धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह लहुलूहान कर जान से मारने का प्रयास किया ओर असलहा तान कर दोबारा पंगा लेने पर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले।राहगीरो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल भाजयुमो नेता को इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर गयी।सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया भाजयुमो नेता की तहरीर पर दोनो आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

युवती का अपहरण कर बनाया अश्लील वीडियो, मुकदमा दर्ज

मलिहाबाद,लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। खेत से वापस आ रही एक दलित युवती को बाइक सवार चार लोगों ने जबरन उठाकर उसका अपहरण कर लिया और उसे उठाकर सुनसान जगह ले गये । युवती के चिल्लाने की आवाज पर ग्रामीणों को आता देख अपहरण कर्ता फरार हो गये। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़ित युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते शुक्रवार को लगभग साढ़े सात बजे मेरी पुत्री जो खेत से वापस आते समय बाईक सवार जुहैब पुत्र अन्सार व साहिल पुत्र लुच्चू व भोलू पुत्र मोलहे व जैद पुत्र अज्ञात के द्वारा मेरी पुत्री को जबरदस्ती अपनी दो मोटर साईकिलों से उठा ले गये थे । मैं घटना के वक्त कुछ दूर पीछे थी व उसके चिल्लाने पर कई लोग आ गये उन लोगों को पहचान लिया। जब युवती की माँ उन लोगों के घर गयी और कहा कि मेरी पुत्री को आपके लड़के जबरदस्ती उठा ले गये थे यह कहते ही लड़के के परिवार के लोगों द्वारा जाति सूचक गालियां दी गई यहाँ से भाग जाओ हम तुम्हारी लड़की को धर्मपरिवर्तन करवा कर निकाह करवा देगें। जुहैब कहने लगा कि तुम्हारी लड़की की अश्लील विडियो बना लिया है हमारा कोई कुछ नहीं कर पायेगा यदि तुमने मेरे खिलाफ कही कोई कार्यवाही की तो तुम्हारी लड़की को जान से भी मरवा देगे। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया की पीड़ित की माँ की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

तेंदुए की आहट से क्षेत्र मे दहशत

मलिहाबाद,लखनऊ (**जनता कनेक्शन**)। बेता नदी के किनारे तेंदुआ देखने के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तेंदुए को स्कूल वैन चालक ने देखा और अपने कैमरे में कैद किया तेंदुआ काफी देर तक स्कूल के सामने खेत में उछलकुद करता नजर आया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रहीमाबाद दौलतपुर मार्ग पर स्थित इमानुएल मिशन स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को लाने ले जाने वाली वैन स्कूल में बच्चों को छोड़कर स्कूल से कुछ दूरी पर खड़ी हो गई वही से 50 मीटर दूर बेता नदी है चालक समीर बेता नदी की तरफ टहलता जा रहा था तभी नदी के दूसरे किनारे पर उसे तेंदुआ घूमते हुए दिखा।वैन चालक उस तेंदुए का वीडियो बनाने लगा तभी तेंदुए की नजर चालक समीर पर पड़ी। तेंदुआ समीर की तरफ बढ़ा इतने मे चालक भागा और जहां अन्य चालक अपनी गाड़ियां खड़ी किए थे वहां जाकर अपने साथियों से इसकी जानकारी और।मौजूद अन्य चालक साथी भी तेंदुआ देखने के लिए गए लेकिन तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था। स्कूल की सौ मीटर की दूरी पर तेंदुए के दिखने की खबर पड़ोसी गांवो तक फैल गई लोगो मे दहशत व्याप्त है।

अध्यक्ष पद में तीन व महामंत्री के लिए दो अधिवक्ताओं ने कराया नामांकन

हमीरपुर ब्यूरो। अधिवक्ता संघ के चुनाव का बिगुल शुक्रवार से बज गया। अधिवक्ता संघ सभागार में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन वह महामंत्री के लिए दो अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुख्य चुनाव अधिकारी देवी चरण मिश्रा व अल्ताफ हुसैन ने बताया कि अधिवक्ता संघ का चुनाव प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। नामांकन पत्र प्रत्याशियों के द्वारा दाखिल किए गए। अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र प्रताप सिंह,वीरेंद्र सिंह यादव व भगवान दास दीक्षित ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए कमलेश कुमार धुरिया,कनिष्ठ उपाध्यक्ष गीता,स्वदेश कुमार सचान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष में सागर मिश्रा,पवन कुमार, सचेद्र,महामंत्री में अश्वनी कुमार प्रजापति,शैलेंद्र कुमार सचान, संयुक्त सचिव में दीपक चक्रवर्ती,नितेश कुमार सैनी,संदीप प्रजापति, कोषध्यक्ष अमरजीत,राज प्रताप सिंह परिहार,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में निरंजन देव मिश्रा, अखिलेश कुमार, संजय कुमार धुरिया,गजेंद्र पाल सिंह,संदीप निषाद,उदय नारायण, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में धर्मेंद्र मोहन,शिव मोहन सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष साहू, सिद्धार्थ कुशवाहा, देवेंद्र सिंह ने नामांकन कराया।

गम के माहौल में मासूम का अंतिम संस्कार

कुरारा, हमीरपुर। बीती दोपहर विद्यालय से घर जा रही मासूम को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रेक्टर ट्राली चलाकर रौंद दिया था। जिसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतका कौशिकी का पोस्टमार्टम के बाद गम के माहौल में आज क्षेत्र के निर्नी घाट में अंतिम संस्कार किया गया है।

सरकारी योजनाओं में बन्दर बांट ,योगी सरकार के मंसूबों पर पानी फरते जिम्मेदार

राम किशोर/जनता कनेक्शन

माल लखनऊ केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनवाने के लिए लाखों रुपए की धन राशि मुहैया कराई गई । जिससे इस तालाबों में हर समय पानी भरा रहे । जिसका फायदा ग्राम प्रधानों के साथ पंचायतों में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों ने उठाया । माल विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अऊमऊ मे पहले तो आदर्श जलाशयों में बन्दर बांट किया,अब आदर्श जलाशयों को ही अमृत सरोवर का नाम देकर पैसों का बन्दरबाट करने की नई तरकीब ईज़ाद कर ली गयी है। साथ ही नाम के तो हैं अमृत सरोवर लेकिन पानी एक बूंद का भी पता नही है। वहीं इस अमृत सरोवर में पानी न होने से गांव के बच्चों ने इसे क्रीड़ा स्थल बना लिया है और स्कूल से छूटने के बाद यहां मैच खेलना शुरू कर देते हैं। ऐसा नहीं है कि इसमें पानी गर्मी के चलते सूख गया हो, इस अमृत सरोवर में महीनों पहले से ही पानी का अता पता नही है। साथ ही गांव के बच्चों द्वारा अमृत सरोवर में मैच खेला जाना भी साबित करता है कि इस अमृत सरोवर में बीते लम्बे समय से पानी बिहीन की स्थिति चली आ रही है। जल बिहीन होने से ही बच्चों ने अमृत सरोवर को क्रीड़ा स्थल चयनित कर मैच खेलना प्रारंभ कर दिया। वहीं आदर्श जलाशय को ही परिवर्तित कर अमृत सरोवर का नाम देना जिम्मेदारों की कार्य शैली पर सवालिया निसान खड़ा करता है। जबकि सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय भीषण गर्मी में जीव जंतु पशु, पंछियों के लिए इस समय एक बूंद पानी पीने के लिए नहीं है। वहीं सरकार यह दावा करती है कि अमृतसर में गर्मी के सीजन में सूखे नहीं होने चाहिए लेकिन यहां पर तो एक बूंद भी पानी नहीं है। इस तरह से जिम्मेदार माल विकासखंड में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं सिर्फ कागजों पर ही खाना पूर्ति करके वाह-वाही लूट रहे हैं। बाकी जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। जब इस सबन्ध मे खण्ड विकास अधिकारी से बात की गई तो बताया की मीटिंग में हूँ।

दुर्घटना में हुई मौत के मामले में केस दर्ज

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के महबूबगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत बीते 27 अप्रैल को दुर्घटना में हुई मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया।चौकी इंचार्ज यशवंत द्विवेदी के मुताबिक मृतक के पिता कमला प्रसाद पुत्र राजाराम निवासी हुसैनपुर शेखाघाट की तहरीर पर ट्रैक्टर संख्या यूपी 42 बीए 7924 के खिलाफ केस दर्जकर पड़ताल की जा रही है। बताते चले कि बीते 27 अप्रैल को शाम/बजे हुसैनपुर निवासी इंद्र बहादुर सिंह व अजय यादव बाइक से किसी काम से मया की तरफ जा रहे थे।

ट्रक ने सड़क पर गिरे दो लोगों को रौंदा, मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार स्थित ईंटगांव तिराहे के पास सड़क पर खड़े दो लोगों को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों लोग सड़क पर गिर गए। इतने में इनायतनगर से कुमारगंज की तरफ तेज रफ्तार से जा रही ट्रक ने दोनों लोगों को रौंद दिया। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 42 वर्षीय मुकेश तिवारी को मृतक घोषित कर दिया। जबकि 52 वर्षीय उदयभान तिवारी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल उदयभान तिवारी को भी मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों लोगों का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर थाना क्षेत्र के कदनपुर निवासी मुकेश तिवारी अपने साथी उदयभान तिवारी के साथ कुमारगंज जा रहे थे वह मिल्कीपुर बाजार में सवारी / साधन के इंतजार में खड़े थे। इतने में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने दोनों लोगों को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला।

प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने दिखाया दमखम

जनता कनेक्शन

माल लखनऊ लोकसभा के पांचवे चरण के होने वाले चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन मोहनलालगंज(सु0)क्षेत्र के प्रत्याशियों ने पूरे जोर शोर से प्रचार में दमखम दिखाया। गांवों में अलग-अलग पुरुषों और महिलाओं की टोलियों ने अपने अपने प्रत्यशियों के लिये वोट देकर जीत दिलाने की अपील की। साथ ही अपनी-अपनी पार्टी के द्वारा किये जाने वाले विकास कार्यो का भी गुणगान कर समर्थन जुटाने का प्रयास किया। कहीं -जनता द्वारा विरोध भी झेलना पड़ा। सपा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी आर के चौधरी के समर्थन में दर्जनो महिलाओं ने घर घर जाकर अपने प्रत्याशी को जिताने की अपील की। वहीं भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के समर्थन में उनके समर्थकों ने गांव गांव जाकर तीसरी बार जीत दिलाने की अपील के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा370हटाये जाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण आदि के निर्माण सहित मुफ्त राशन सहित उज्जवला योजना को गिनाया। इसके अलावा पांच किलो राशन, व पीएम आवास की याद दिलायी। वहीं पांच किलो राशन व गैस सिलेंडर पर लोगों ने कीमतें बढ़ाने की दलीलें देकर विरोध भी जताया।जहांअस्सी के दशक से क्षेत्र में पासी बिरादरी कौशल किशोर का झंडा उठाये समर्थन में हाजिर था, वह इस बार विरोध में आर के चौधरी का झंडा थामे हुये जिताने में मशगूल देखा जा रहा है।साथ ही राजा अटारी कुंअर बलवीर सिंह के सपा में आने से मामला और रोचक हो गया है। बहन मायावती का प्रबल समर्थक रैदास बिरादरी भी आर के चौधरी के झंडा बरदारी करते देखा जा रहा है। प्रचार के अंतिम दिन इंडिया गठबंधन और भाजपा समर्थकों ने पूरी ताकत के साथ अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुये पार्टी को जिताने की भरपूर कोशिश की।

रैली निकालकर वोटरों मे भरा उत्साह

लखनऊ मलिहाबाद (**जनता कनेक्शन**)। राजधानी लखनऊ से सटी लोकसभा सीट मोहनलालगंज पर आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन था। 20 तारीख को चुनाव होने के कारण सभी प्रत्याशी और उनके समर्थको ने अपनी पूरी ताकत झोक दी कोई चार पहिया वाहनों से तो कोई मोटर साईकिल से अपनी बाते और अपने मुद्दे जनता के बीच पहुंचाने को लेकर आतुर दिख रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले जीत बहादुर रावत ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये समाजवादी पार्टी के पक्ष मे मोटर साईकिल रैली निकालकर गठबंधन प्रत्याशी आर के चौधरी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। रैली का नेतृत्व कर रहे जिला पंचायत सदस्य जीत बहादुर रावत ने कौशल किशोर पर पासी बिरादरी से वोट लेकर पासी को ही अनदेखा करने का आरोप लगाते हुये कहा मंत्री जी को क्षेत्रीय जनता नकार चुकी है। जिसकी बानगी देते हुये जनता ने पंचायत चुनाव मे उनकी बहु को वार्ड न. 7 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव साढ़े छः हजार वोटो से हराकर मुझ पर भरोसा जताकर यह बताया था की अब क्षेत्र का मतदाता कौशल किशोर की नीति और नीयत पर भरोसा नहीं करता है। जीत बहादुर रावत ने बातया जिस पासी बिरादरी से वह आते है कौशल किशोर भी उसी बिरादरी से आते है। क्षेत्र की जनता ख़ासकर पासी समाज ने कौशल किशोर को विधायक और सांसद बनाया मगर वह मंत्री बनते ही जनता को भूल गये और केवल अपना और अपने परिवार का हित साधने मे लगे रहे। इसलिये क्षेत्र की जनता अबकी बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी के पक्ष मे मतदान करने जा रही है।

रैली का नेतृत्व कर रहे जिला पंचायत सदस्य जीत बहादुर के आलावा माल ब्लाक अध्यक्ष मुकेश रावत, राधेश्याम रावत, कमलेश रावत, सर्वजीत यादव, मथुरा यादव, पंकज गौतम, बृजेश रावत, दीपक गौतम, विशाल कन्नौजिया, शिवा रावत, मनोज गौतम, डॉक्टर वर्मा, कमलेश गौतम, रामेश्वर गौतम, शाहिद गाजी, सचिन कन्नौजिया सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे.

स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं माल विकास खंड के जिम्मेदार

राम किशोर/जनता कनेक्शन

माल लखनऊ स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं माल विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी रनी पारा गांव में गंदगी से बज बज रही नालियां व आरसीसी रोड पर महीनों से भरा है गंदा पानी। जिससे संक्रामक रोग फैलने का बन रहा खतरा ।

माल विकासखंड के रनी पारा गांव में गंदगी से पटी पड़ी है नालियां इतना ही नहीं गांव के सार्वजनिक रास्तों पर भी भरा है। दूषित पानी यहां तक की ग्रामीणों को आने-जाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत करने के बाद भी विकास खंड के अधिकारियों ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है । जिससे सफाई कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी वही स्वच्छ भारत मिशन की सराहना करते नहीं थकते हैं। जिम्मेदार लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है सबसे बड़ी बात यह है की सफाई कर्मचारी तैनात तो होते हैं लेकिन पंचायत में अपनी जिम्मेदारी निभाने से कतराते रहते हैं और ब्लॉक मुख्यालय के ही चक्कर काटते रहते हैं यहां तक की रनीपारा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर महीनों से भरा है दूषित पानी आने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है आगर जिले के जिम्मेदार ब्लॉक मुख्यालय पर बिना जानकारी के माल विकासखंड के किसी भी पंचायत में से किसी एक भी पंचायत का निरीक्षण कर ले तो जमीनी हकीकत मालूम हो जाएगी लेकिन ऐसा हो नहीं सकता जिम्मेदार आने से पहले एक हफ्ते पहले मुख्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों को जानकारी हो जाती है जहां पर ब्लॉक के सभी सफाई कर्मचारी व अन्य प्राइवेट लोगों को बुलाकर सफाई करा दी जाती है ऐसा लगता है कि माल विकासखंड में किसी भी गांव में गंदगी हो ही नहीं सकती वहीं देखकर जिले के जिम्मेदार वाह वाही लूट कर चले जाते हैं बाकी व्यवस्था बद से बदतर होती रहती है शिकायत के बाद भी जिम्मेदार हाथ पैर हाथ धरे बैठे रहते हैं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते रहते हैं।

इस समबन्ध मे खण्ड विकास अधिकारी से बात की गई तो उनहोने बताया कि फोटो वीडियो भेज दो देखते है। इस तरह से अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं खण्ड विकास अधिकारी

एससीएसटी मामले में दोषी को चार साल की सजा

कुरारा, हमीरपुर। एससी एसटी के 16 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को चार साल की सजा व नौ हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के शहर मोहल्ला विवेक नगर निवासी पीड़ित शिवचरन वर्मा ने न्यायालय को बताया था कि 26 मई 2008 को शाम करीब पांच बजे वह दुकान से सब्जी भाजी लेकर वापस घर आ रहा था। तभी रास्ते में इदरीश की दुकान के पास बबली गुप्ता व रोहित सोनी मिल गए। जिनसे रुककर घरेलू बातें होने लगीं। तभी दोषी मइयादीन उर्फविजय टेलर आया और उससे पुराने मामले में राजीनामा का दबाव बनाते हुए जाति शूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने लगा। कहा कि उसे व उसके बेटे को गोली से मार देगा। उसके विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 12 जून 2008 को एससीएसटी सहित अन्य धाराओ में मामला दर्ज किया। 30 जून को कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया। 17 जुलाई को न्यायालय ने मामले पर संज्ञान लिया और 16 अप्रैल 2009 को दोषी के विरुद्ध चार्ज बना। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी मइयादीन उर्फविजय टेलर को सजा सुनाई है।

भाजपा की हैट्रिक के लिए संसदीय क्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ चुनावी जनसभाएं

हमीरपुर। महोबा-तिदंवारी संसदीय सीट में सिटिंग एमपी व भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में इस बार रिकार्ड तोड़ चुनावी जनसभाएं हुई है। नामांकन के दिन प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी के लिए हमीरपुर में चुनावी सभा की थी जबकि महोबा जिले में सीएम योगी ने चुनावी रैली में हुंकार भरी थी। इसके अलावा महोबा में एमपी के सीएम ने भी प्रत्याशी के लिए सभा कर वोट मांगे थे। वोटिंग से तीन दिन पूर्व हमीरपुर जिले के लोधी बाहुल्य राठ क्षेत्र में पीएम नरेन्द्र मोदी को भी चुनावी जनसभा में प्रत्याशी के लिए वोट मांगना पड़ा। इससे लगता है कि भाजपा यहां कमजोर

सम्पर्क कार्यालय : निकट दुबग्गा चौराहा कानपुर रोड लखनऊ

जनता कनेक्शन
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक रवि शंकर अस्थाना द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस, 12/29 पुराना किला, कैंट रोड लखनऊ से मुद्रित तथा 366/006/285 किशोर गंज कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित
सम्पादक :
रवि शंकर अस्थाना
फोन नम्बर : 0522-3192214
www.jantaconnection.in
EMail:jcnews240@gmail.com
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के आधीन होंगे।